भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2499**

दिनांक 10 दिसम्बर, 2024

**कर्नाटक में मक्का अनुसंधान केन्द्र का क्षेत्रीय केन्द्र**

**2499. डॉ. प्रभा मल्लिकार्जुन :**

क्या **कृषि और किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कर्नाटक राज्य के लिए मक्का अनुसंधान स्टेशन के क्षेत्रीय केंद्र को स्वीकृति प्रदान करने की कोई योजना है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार दावनगेरे लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए इसे मंजूरी देने पर विचार कर रही है, क्योंकि मक्का इस निर्वाचन क्षेत्र में वर्षा सिंचित और सिंचित दोनों स्थितियों में उगाई जाने वाली प्रमुख फसल है और यहां क्षेत्रीय केंद्र स्थापित करने के लिए अच्छी अवसंरचना और सरकारी भूमि उपलब्ध है?

**उत्तर**

कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री
(श्री भागीरथ चौधरी)

**(क) एवं (ख) :** जी, हां। XV वें वित्त आयोग अवधि (वित्त वर्ष 2021-22 से 2025-26) के दौरान भारतीय मक्का अनुसंधान संस्थान, लुधियाना के बेगुसराय स्थित क्षेत्रीय केंद्र को शिवमोगा में स्थानांतरित करने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। कर्नाटक में मक्का अनुसंधान कार्यकलापों को अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के दो केंद्रों द्वारा भी आगे बढ़ाया जा रहा है। ये केंद्र कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय (यूएएस), धारवाड़ में तथा कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, बंगलौर के अंतर्गत मांडया में स्थित हैं।

*******